हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 विद्यार्थियों ने कविता-भाषण से बताया श्रमिकों का योगदान



12 दो नलकूपों पर चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### रास्ता अवरुद्ध करने से कार चालक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के पास बीच रास्ते में कार खड़ी करते हुए रास्ता अवरुद्ध करने के आरोप में एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के अनुसार चरखी दादरी के झोझू कलां निवासी विनोद ने अपनी कार महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन के गेट के पास सड़क पर खड़ी की हुई थी। इससे स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही थी। जीआरपी कर्मियों ने उसे कार हटाने को कहा, परंतु वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। जीआरपी ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत 18 फरवरी को धारूहेड़ा थाने में दर्ज मारपीट व धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मारपीट में घायल के अस्पताल में दाखिल होने के बाद पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में धारूहेड़ा के वार्ड नं. 6 निवासी राजेंद्र, बेस्टेक सोसायटी निवासी महेश और द्वारकाधीश सोसाटी निवासी रौनक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में चार गिरफ्तार, बाद में रिहा

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना मोहदीनपुर में मारपीट करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 27 अप्रैल को मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच करते हुए पुलिस ने मोहदीनपुर निवासी अनूप, सरिता, पुष्पा व सुषमा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करते हुए रिहा कर दिया गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, 3 घायल

**रेवाड़ी।** निखरी के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। गढ़ी बोलनी निवासी विनोद कुमार निखरी की एक कंपनी में कार्य करता था। रात के समय वह और उसी के गांव का अजय कंपनी में ड्यूटी कर रहे थे। करीब 7 बजे वह निखरी चौक पर एक होटल में खाना खाने के लिए गए थे। खाना खाने के बाद दोनों जब बाइक से वापस कंपनी जा रहे थे, तो सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गिरकर घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार निखरी निवासी लक्की व दीपांश भी एक्सिडेंट में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने चारों को अस्पताल पहुंचाया, जहां विनोद को मृत घोषित कर दिया गया।

# अक्षय तृतीया के बाद शादियों की बहार, फूलों का बाजार होने लगा गुलजार

## गेंदे के फूलों की बिक्री में कई गुणा इजाफा, बाजार में पांच गुणा तक बढ़े दाम

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अक्षय तृतीया के साथ शादियों का सीजन भी शुरू हो गया है, जो अब जून मास तक चलेगा। इस दौरान लगभग 30 साए ऐसे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में जोड़े शादी के बंधन में बंधेंगे। शादियों का सीजन शुरू होने के साथ ही बाजार में फूलों की मांग बढ़ गई है। गेंदे के फूलों के दाम पांच गुणा तक बढ़े हैं, जिससे गेंदा उत्पादक किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं।

लगभग पांच दशक से जिले के किसानों का रुझान गेंदे की खेती की ओर बढ़ रहा है। एक अनुमान के अनुसार जिले के किसानों ने लगभग 2 हजार एकड़ जमीन पर गेंदे की खेती की हुई है। आसपास मंडी नहीं होने के कारण किसान दिल्ली की गाजीपुर मंडी में फूलों की बिक्री करते हैं। बीते सप्ताह तक गाजीपुर मंडी में गेंदे के फूलों के दाम 10 से 12 रुपये प्रति किलोग्राम तक थे, जिससे किसानों को किराया तक निकालना मुश्किल बना हुआ था। अक्षय तृतीया से ठीक पहले गेंदे के फूलों का भाव बढ़कर 44 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इससे किसानों को फसल का अच्छा मूल्य मिलना शुरू हो गया है। गेंदा उत्पादक किसानों के चेहरों पर चमक आने लगी है। शादियों के सीजन में फूलों की डिमांड काफी बढ़ जाती है। इस समय शादियों का सीजन शुरू हो गया है। जून के अंत तक शादियां होंगी, जिस कारण अभी फूलों की डिमांड कई दिनों तक बनी रहेगी। मई माह में सर्वाधि साए हैं, जिससे इस माह फूलों की डिमांड भी ज्यादा रहेगी। बढ़ी हुई डिमांड के साथ फूलों के दाम भी उछाल पर रहेंगे, जिससे गेंदा उत्पादक किसानों को अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है।



**रेवाड़ी।** खेतों में तैयार गेंदे की अलग-अलग रंगों के फूलों की खेती।



### कई रंग के फूलों वाले गेंदे की खेती

पहले पीले रंग के गेंदे के फूलों की खेती ही की जाती थी। गेंदो की प्रजातियों में विस्तार के बाद अब किसान नारंगी, सफेद व दूसरे रंगों के फूलों की खेती करने लगे हैं। गेंदे की खेती का रुझान खोल व डहीना ब्लॉक की ओर ज्यादा बढ़ा है, जहां इस समय खेतों में गेंदे की फूल नजर आ रहे हैं। परंपरागत फसल की बजाय बाजार में सफेद व दूसरे रंगों के फूलों की डिमांड ज्यादा है, जिस कारण सफेद गेंदे के फूल महंगे बिक रहे हैं।

#### कई दिनों तक मिलता है उत्पादन

एक बार फसल उगाने के बाद गेंदे के फूलों का उत्पादन नियमित रूप से बना रहता है। जब गेंदे के फूल तैयार होने शुरू हो जाते हैं, तो उन्हें बार-बार तोड़ा जाता है। इससे किसानों की बिकवाली निरंतर बनी रहती है। एक बार में प्रति एकड़ एक से डेढ़ क्विंटल तक गेंदे के फूल तैयार होते हैं। खर्च बचाने के लिए कई किसान मिलकर एक ही वाहन में फूलों को दिल्ली मंडी तक बेचते हैं, जिससे उनका किराए का खर्च कम हो जाती है।

#### बढ़ रहा बागवानी के प्रति रुझान

बागवानी फसलों से किसानों को अच्छा फायदा मिलता है। किसानों का रुझान फूलों की खेती की ओर बढ़ रहा है। सरकार की ओर से बागवानी को बढ़ावा देने के लिए जल्द एमआईडीएस और जायका स्कीमें लांच की जा रही हैं। इनका बागवानी उत्पादक किसानों को अच्छा लाभ मिलेगा।

-डा. मनदीप सिंह, बागवानी अधिकारी।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जल जांच मोबाइल वैन हुई रवाना

# रासायनिक तत्वों की जांच के लिए रोजाना आठ गांवों से लिए जाएंगे पानी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में पेयजल जांच एवं शुद्ध पेयजल के सेवन के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए मोबाइल जल जांच वैन भेजी जा रही है। जोकि एक दिन में सात से आठ पंचायतों से पेयजल स्त्रोतों का एक-एक नमूना लेकर मौके पर ही उनकी जांच करेगी।

इन पेयजल नमूनों की केमिकल जांच होगी। जिले में पूरे माह यह अभियान चलाया जाएगा। वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश राठी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पांन के पानां कां केमिकल जांच व आमजन को पानी की शुद्धता के प्रति सजग करने के लिए गांवों में पानी के नमूने लेकर उनकी मौके पर ही जांच करने के लिए वैन चलाई गई है।



**रेवाड़ी।** जल जांच मोबाइल वैन को रवाना करते विभाग के अधिकारी।

### ग्राम पंचायत स्तर पर होगी जांच

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि मोबाइल लैब का मुख्य उद्देश्य जल की गुणवत्ता की जांच के प्रति ग्राम पंचायत को जागरूक करना है। मोबाइल लैब जिले में 31 मई तक गांवों में जाकर पेयजल स्रोतों की जांच करेगी। जल जांच के लिए मोबाइल लैब एक दिन में 8 ग्राम पंचायतों को कवर करेगी। एक ग्राम पंचायत से केवल एक पेयजल नमूना लिया जाएगा। जांच का परिणाम भारत सरकार और विभाग की वेबसाइट पर भी अपडेट किया जाएगा। यह काम पहले उन ग्राम पंचायतों में किया जाएगा, जहां प्री-मानसून केमिकल जांच होना अभी बाकी है। मोबाइल लैब के साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के खंड संसाधन समन्वयक व जिला जल जांच प्रयोगशाला सहायक सहित अन्य अधिकारी रहेंगे। इस अवसर पर मोबाइल लैब सहायक उज्जवल कुमार, खंड संसाधन समन्वयक मनोज कुमार, पंकज, वीर सिंह, श्याम, राहुल व साहिल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पानी में इन तत्वों की होगी जांच

जन स्वास्थ्य विभाग के केमिस्ट दिलबाग सिंह ने बताया कि पीने के पानी के स्रोत की गांवों में मौके पर ही जांच की जाएगी। मोबाइल लैब के माध्यम से पीने के पानी की केमिकल जांच की जाएगी, जिसमें मुख्य रूप से पीएच, एलक्लेनिटी, टीडीएस, हार्डनेस, रेजिडयूअल क्लोरीन, जिंक, नाइट्राइट फ्लोराइड, टरबिडिटी व माइक्रो बायोलॉजिकल के मानकों की जांच होगी। अगर रसायनिक तत्वों की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है तो यह रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी और उसके बाद विभाग आवश्यक कार्यवाही करेगा।

# बेटी का घोड़ी पर बनवारा निकालकर पेश की मिसाल

- मनीषा की शादी में लड़कों की तरह ही सारे रस्म-रिवाज निभाए जा रहे हैं : राजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव लिसान के एक परिवार ने लड़की का घोड़ी पर बनवारा निकालकर समाज के सामने मिसाल पेश की है। परंपरा के अनुसार, अब तक बेटों को ही घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला जाता था। शादी के एक दिन पहले यह रस्म अदा की जाती है। परिवार ने बेटी को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकालकर सामज को संदेश दिया कि आज के समय में बेटियां भी बेटों से किसी क्षेत्र में कम नहीं हैं।

### मंगल गीत गाए

महिलाओं ने मंगल गीत गाते और नाचते हुए बनवारा निकाला। राजेंद्र सिंह और सरला देवी की बेटी मनीषा की शादी से पूर्व घोड़ी पर बनवारा बग्गी निकाल कर समाज को एक सार्थक संदेश दिया। राजेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी बेटी मनीषा एमकॉम की पढ़ाई कर रही है। मामा चंचल और मामी मुनेश ने बताया कि उसके परिवार में बेटियों को पूरा मान और सम्मान दिया जाता है। शादी में लड़कों की तरह ही सारे रस्म-रिवाज निभाए जा रहे हैं। समाज के बदलते परिवेश और शिक्षा के विकास के कारण अब रूढ़िवादी परंपराओं को जनता धीरे-धीरे तिलांजलि देने लगी है।



**रेवाड़ी।** बेटी का घोड़ी पर बनवारा निकालते हुए परिवार।

# तेरह स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- सनग्लो स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन एलआरएसए खेल अकादमी ने किया, जिसमें जिले के 13 स्कूलों के 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या गरिमा यादव ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं न सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, बल्कि उनके अंदर एक समूह भावना, अनुशासन और खेल के प्रति उनके रुचि भी बढ़ाती है। शारीरिक रूप से स्वस्थ होने पर ही बच्चे अपनी पढ़ाई में एकाग्रचित होकर अच्छा प्रदर्शन कर पाते हैं। प्रतिभागियों ने स्केटिंग कौशल का प्रदर्शन किया। सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



**रेवाड़ी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### इन बच्चों ने प्रतियोगिता में जीते पदक

प्रतियोगिता में आरव यादव, रिहान यादव व सामर्थ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। चेतना योगी, नमन, शुभम व वैभव ने रजत पदक तथा रेहान, मोशिश व रिहान यादव ने कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के अध्यक्ष डा. वीपी यादव व निदेशिका शारदा यादव ने विजेताओं को पदक प्रदान किए व विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# पहलगाम के मृतक पर्यटकों को पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने दी श्रद्धांजलि

- हरियाणा में जिला स्तर पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा : राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिंचाई विभाग परिसर में वीरवार को पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ओर से पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला रेवाड़ी व गुरुग्राम के प्रभारी डा. अरविन्द यादव ने बताया कि दिल्ली जंतर-मंतर पर राष्ट्व्यापी धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाना था, परंतु देश के हालात व आतंकवादी घटना को लेकर स्थगित कर दिया गया। पीबीएसएस के जिला प्रधान राजबीर यादव ने बताया कि पीबीएसएस-एनएमओपीएस के बैनर तले पूरे हरियाणा में जिला स्तर पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा और इसमे सभी कर्मचारी शामिल रहेंगे। इस दौरान पीबीएसएस के जिला महासचिव व हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी, पंचायतीराज विभाग के राज्य प्रधान महेंद्र सिंह यादव, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रधान राजेंद्र कुमार, सचिव जितेंद्र, पवन, कमल, प्रधान पवन यादव, रामनिवास, एसडीओ अजय, विशाल, योगेश, परवीन व विकास सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कर्मचारी।

## जलियावास के संजय ने दुबई में जीता गोल्ड



**रेवाड़ी।** दुबई में इंटरनेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें 25 देशों के खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रेवाड़ी से संजय ने अपनी कैटेगिरी में 237 .5 किलोग्राम वजन का रिकॉर्ड तोड़कर 260 किलोग्राम की लिफ्ट लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया तथा गोल्ड मेडल हासिल किया। गांव जलियावास पहुंचने पर ग्रामवासियों ने संजय पहलवान का स्वागत किया। ग्रामीण बिशंबर दयाल, लक्ष्मण सिंह, एम्स सरपंच जसवंत सिंह, एक्स सरपंच लीलाराम, रामनिवास, सुरेश कुमार, प्रधान निहाल सिंह व फूलसिंह ने संजय को सम्मानित किया। इस मौके पर सुनील, परमवीर ठेकेदार, कर्मवीर, दीपक, अजीत, मोनू, सोनू, उदय, मास्टर लक्ष्मी नारायण व सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार उपस्थित थे।

**समाधान शिविर** डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा ने सुनीं लोगों की शिकायतें

# प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान

लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा जिला मुख्यालय पर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान करके राहत पहुंचा रहे हैं।

डीसी व एसपी ने समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनकर विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया। डीसी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। इस अवसर पर सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

### इन शिकायतों पर की गई सुनवाई

सामधान शिविर में वीरवार को बुध विहार कॉलोनी से आई रजनी, सुनीता पूजा व अन्य महिलाओं ने कहा ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से बिजली, पानी व सीवरेज की समस्या से जूझ रहे है। डीसी ने उनकी बिजली की समस्या का निपटारा करते हुए पानी व सीवरेज को समस्या का समाधान करने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। एक अन्य मामले में गांव चौकी नंबर-1 से आए अभय सिंह ने बताया कि परिवार पहचान पत्र में उनकी आय अधिक होने के कारण उनका राशन कार्ड काट दिया गया है, जबकि उनके पास आय का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। डीसी ने उन्हें जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा शिविर में अनेक लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!





अमेजिंग

रजनी अरोड़ा

बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई



हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।

## लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।

-संजय, रोहतक

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।

-अभिषेक, बेमेतरा



**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।

-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।

-कुणाल, महासमुंद



गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर

हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: रेड बैलूंस-19, यलो बैलूंस-20

**खबर संक्षेप**

### मनीषा ने सीएसआईआर नेट परीक्षा में सफलता पाई


मनीषा

**नारनौल।** निजामपुर रोड पर स्थित भूरावाला कुआं निवासी टेंट हाउस संचालक जयप्रकाश सैनी की बेटी मनीषा सैनी ने सीएसआईआर नेट परीक्षा में लाइफ साइंस विषय में परचम लहराया है। मनीषा सैनी ने इस विषय में ऑल इंडिया में 203वीं रैंक हासिल की है।

### भुंगारका पावर हाउस की बिजली आज रहेगी बाधित

**नांगल चौधरी।** भुंगारका पावर हाउस के उपकरणों की रूटीन मेंटीनेंस दो मई को की जाएगी। इस दौरान विभिन्न फीडरों की बिजली सप्लाई को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कनिष्ठ अभियंता कमल सिंह ने बताया कि मेंटीनेंस की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू होगी तथा 10 बजे तक कंप्लीट होने का अनुमान है। अकबरपुर, सिरोही, तोताहेड़ी, सिरोही बहाली, शिमली, आकोली, मूलोदी, सिलारपुर, नंगली, नेहरूनगर, भोजावास गांव की बिजली सप्लाई को बंद रखा जाएगा।

### बंद मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**नारनौल।** शहर में बंद मकान से चोर लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवरात चुरा ले गए। इस बारे में शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में मोहल्ला राव का निवासी बिलो देवी ने बताया कि उसके बेटे व बहु बाहर घूमने के लिए गए हुए हैं। वहीं उसने आंख का ऑपरेशन कराया हुआ है। इसलिए वह अपनी बेटी के पास मोहल्ला राम नगर में गई हुई थी। बीती शाम करीब पांच बजे उसका दोयता आया तथा उसने बताया कि उनके मकान के पीछे वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है।।

### किसान के खेत से सोलर मोर्टर पम्प चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से एक किसान के खेत से सोलर मोर्टर पम्प अज्ञात चोर चुरा के ले गए। सिलारपुर निवासी रामरती ने बताया कि अपने नाम से पीएम योजना के अंतर्गत सोलर मोर्टर 2023 मे लगवाई थी। उसमे तकनीकी खराबी आने के कारण उसे निकलवाया था, जिसके लिए मिस्त्री की सहायता से उसको निकलवाकर खेत में बोर के समीप रख दिया।

## धारूहेड़ा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

# श्रमिकों के अधिकारों के लिए एकजुट होने की प्रेरणा देता है श्रमिक दिवस : कंवर सिंह

भारत में पहली बार 1923 में चेन्नई में मनाया दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

वीरवार को धारूहेड़ा में अंतरराष्टीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगरपालिका के अध्यक्ष कंवर सिंह ने कहा कि मजदूर दिवस भारत सहित पूरी दुनिया में श्रमिकों के अधिकारों का प्रतीक दिन है। इस दिन का इतिहास संघर्ष का प्रतीक है। मजदूर दिवस 1 मई को श्रमिकों के अधिकारों और योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।

इसकी शुरूआत 1886 के शिकागो हैमार्केट आंदोलन के बाद हुई थी। भारत में यह पहली बार 1923 में चेन्नई में मनाया गया। चेयरमैन ने कहा कि विश्व भर में श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए श्रमिक दिवस मनाया जाता है। यह दिन श्रमिक आंदोलनों को समर्पित है, जो समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यह अवसर हमें श्रमिकों के महत्व को याद दिलाता है और उनके हकों के लिए एकजुट होने की प्रेरणा देता है, ताकि सभी को सम्मानजनक और सुरक्षित कार्य वातावरण मिल सके।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में श्रमिकों को संबोधित करते कंवर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### लेबर-डे पर स्कूल में सहायक कर्मचारी सम्मानित




**रेवाड़ी।** सैनी पब्लिक स्कूल में वीरवार को इंटरनेशनल लेबर-डे मनाया गया। बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाकर सभी कर्मचारियों को भेंट करके सम्मानित किया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज सैनी, खजांची लक्ष्मीनारायण सैनी, कार्यकारिणी सदस्य उमेश सैनी व कॉलेजियम सदस्य राम सिंह सैनी ने सहायक कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधान नवीन सैनी ने सभी कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। प्राचार्या अनीता यादव ने सभी को इंटरनेशनल लेबर-डे की शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों ने कविता व भाषण से बताया श्रमिकों का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वीरवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने सुविचार, कविता व भाषण के माध्यम से श्रमिकों के योगदान को समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना की और उनके काम के महत्व को समझाया। उन्होंने श्रमिकों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने श्रमिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और उनको सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर भेंट किए। प्रधानाचार्य ने कहा कि डीएवी स्कूल विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों और नैतिकता की भी शिक्षा देता है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सर्वांगीण व्यक्तित्व प्रदान करना है।



रेवाड़ी। स्कूल के कर्मचारियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रो. विजय ने आईजीयू में संभाला अधिष्ठाता का कार्यभार

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के भौतिकी विभाग में कार्यरत प्रोफेसर विजय कुमार को अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले का कार्यभार सौंपा गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुसंधान में दक्षता को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने प्रोफेसर विजय कुमार को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. दीप्ति धमाणी ने भी उन्हें का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रो. विजय कुमार पूर्व में अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। पूर्व में उन्होंने कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी सफलतापूर्वक संभाला। इसके अतिरिक्त वे एलएन हिंदू कॉलेज रोहतक में प्राचार्य के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, विश्वविद्यालय को शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही नैक की मान्यता तथा एनआईआरएफ रैंकिंग की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएंगे।


प्रो. विजय कुमार।

## एक्सईएन ओमेंद्र का किया स्वागत

- डीएचबीवीएन कार्यालय बावल में एक्सईएन ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल कस्बे में डिवीजन बनने के बाद पहली बार डीएचबीवीएन कार्यालय में एक्सईएन ओमेंद्र कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। बिजली निगम कर्मचारियों ने एक्सईएन का स्वागत किया। इससे पहले धारूहेड़ा और बावल एक ही डिवीजन मे जुड़े हुए थे।

बावल के नया डिवीजन बनने के बाद पहली बार एक्सईएन ने कार्यभार संभाला है। सब यूनिट प्रधान संजीव कुमार ने साथियो के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बिजली निगम से संबंधित शिकायतों के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। उपभोक्ताओं को धारूहेड़ा जाने में काफी समय लगता था। अब अधिकारी के बावल में रहने से लोगों को अपनी शिकायतें और सुझाव रखने में आसानी होगी। इस अवसर पर मनिक कुमार, राकेश कुमार, दिलबाग सिंह, विष्णु, पवन कुमार व परमवीर सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। बावल कार्यालय में एक्सईएन का स्वागत करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता कराने के प्रयास किए थे।

शिकायत में महिला ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को केस दर्ज किया था।

इस केस में राजस्थान के सूरजगढ़ निवासी बिजेंद्र उर्फ विक्की को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे तफ्तीश में शामिल करते हुए पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

## सेवानिवृत्त हुए हवलदार को विदाई

- सीएसडी कैंटीन कोसली में बिलिंग शाखा में 18 वर्षों तक कार्यरत रहे हवलदार रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली सीएसडी कैंटीन में पिछले 18 वर्षों से बिलिंग शाखा में अपनी सेवाएं दे रहे कनीना निवासी हवलदार रविंद्र यादव सेवानिवृत्त हो गए।

स्टाफ ने उन्हें उपहार व पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया। कैंटीन में मैनेजर रहे मेजर शिव कुमार ने हवलदार रविंद्र यादव को मृदुभाषी, मिलनसार और सेवा-भावना से परिपूर्ण व्यक्तित्व बताया। हवलदार रविंद्र यादव ने कार्य में सहयोग के लिए कर्मचारियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय कुमार, विक्रम महला, संजय कुमार, प्रवीण यादव, प्रवीण कुमार, सूबेदार मंधीर चौहान, राजकुमार चौहान, सूबेदार अशोक यादव, सूबेदार सतबीर यादव, कृष्ण कुमार, मा. राजीव यादव, रोहित यादव, सोनू तंवर, वीरेश कुमार, नरेंद्र कुमार, अशोक बोहरा, होशियार सिंह व एपीआरओ अभिसार कौशिक मौजूद थे।


रेवाड़ी। सेवानिवृत्त हवलदार रविंद्र यादव को सम्मानित करते सहयोगी।


रेवाड़ी। रेजांगला स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## सेना से सेवानिवृत्ति पर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- 13 कुमाऊं रेजांगला बटालियन के ओनरेरी कप्तान रहे हनुमान सिंह यादव युद्ध स्मारक पर पहुंचे

13 कुमाऊं रेजांगला बटालियन के ओनरेरी कप्तान हनुमान सिंह यादव सेना की नौकरी से सेवानिवृत्त होकर वीरवार को रेजांगला युद्ध स्मारक पर पहुंचे। अपने पैतृक गांव जोनायचा खुर्द जाने से पूर्व उन्होंने रेजांगला के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रेजांगला शौर्य समिति ने कप्तान हनुमान सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें समिति के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया। कप्तान हनुमान सिंह ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि जिस प्रकार 30 साल तक उन्होंने भारतीय सेना में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की उसी प्रकार अब बाकी जीवन शहीद परिवारों व पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए समिति की गतिविधियों में भागीदारी निभाएंगे।

समिति ने उन्हें रेजांगला शौर्य गाथा साहित्य और अहीर रेजिमेंट का बैज भी भेंट किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान महासचिव नरेश चौहान राष्ट्रपूत, कप्तान राजेंद्र सिंह गुड़यानी, सूबेदार मेजर जयवीर यादव, सूबेदार मेजर धर्मदेव, सूबेदार मेजर सुखबीर सिंह, हवलदार गजराज सिंह, मनोज कुमार, निमित्त और उमंग उपस्थित थे।

## प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए : प्रेमप्रकाश

**कोसली।** सामाजिक संगठन जागृति मंच के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश नाहड़ ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लें, क्योंकि आजकल पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है, इसलिए हमें आज पर्यावरण संरक्षण कि अत्यधिक आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हमें पेड़ों से शुद्ध वातावरण के साथ-साथ ही फल, छाया व ईंधन मिलता है, इसलिए हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर बलबीर सिंह थानेदार, अशोक कुमार निम्बल, पंकज बडगूर्जर, मनोज कुमार फौजी, ठेकेदार बाबूलाल मेहरा, प्रिंस यादव, आकाश कुमार व सुरेश कुमार मौजूद थे।


रेवाड़ी। हरिजन चौपाल में पौधरोपण करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 74 लाख की ठगी में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 74 लाख रुपये का फ्रॉड करने के मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान राजुदीन आजादपुर दिल्ली हाल आबाद समता विहार मुकन्दपुर दिल्ली व महेन्द्र वासी सादीनगर आजादपुर दिल्ली के रूप में हुई है।

जांच में पुलिस ने पता लगाया कि ठगी के मामले में संलिप्त फर्म का बैंक खाता आरोपितों के नाम पर खुला हुआ था। ठगी की राशि आरोपितों के बैंक खाते में गई थी। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

आरोपितों ने टेलीग्राम टास्क व इनवेस्टमेंट के नाम पर करीब 74 लाख रुपये ठग लिए थे। मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फ्रॉड की सारी राशि को फ्रीज करा दिया था। पुलिस ने मामले में संबंधित कंपनियों से पत्राचार कर आरोपित का पता लगाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पता लगाया कि फर्म के खाते के खिलाफ देशभर में करीब 236 शिकायतें हैं। इस मामले में पुलिस की ओर से मुख्य आरोपित अक्षय निवासी पटेल मोहल्ला कस्बा व थाना बाबई जिला होशंगाबाद मध्यप्रदेश को पहले गिरफ्तार किया था।

**सम्मान** प्रबंधन समिति ने दी सहायक कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं

# जैन पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर सहायक कर्मचारियों ने रखी मन की बात

सभी कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं बैज लगाकर सम्मान किया

- कविता के माध्यम से मजदूर व इंसानियत का संबंध बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर सहायक कर्मचारियों ने अपने मन की बात रखी। उन्होंने कविता, सुविचार व भजन गाया, वहीं महिला कर्मियों ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा।

प्रबंधन समिति ने सभी सहायक कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने सहायक कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं बैज लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुनीता जैन ने णमोकार मंत्र से की। सविता ने प्रोत्साहन एवं सम्मान को कर्मचारियों के लिए ऊर्जा बताया। राजपाल ने मिला मुश्किलों से ये मानव जन्म भजन सुनाया। देवीप्रसाद ने माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म कहा तो बिजलीकर्मी देवेंद्र ने कविता के माध्यम से मजदूर व इंसानियत का संबंध बताया। नरेंद्र ने अंग्रेजी, हिंदी व हरियाणवी की त्रिवेणी बहाते हुए स्वार्थी जमाने पर व्यंग्य किया। मंजू ने कभी राम बन के, कभी श्याम बन के भजन गाया व हितेश ने मजदूर के विचारों पर कविता प्रस्तुत की। महिला सहायक कर्मियों हेमा, सविता, सुमन, संतोष, राजबाला, मीनू व कौशल्या ने बावन गज का दामण पहर मटक चालूंगी गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग बनाकर कर्मचारियों को भेंट किए। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने कहा कि सहायक कर्मचारी किसी भी संस्था की नींव होते हैं, उनके बिना व्यवस्था को नहीं संभाला जा सकता। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


रेवाड़ी। सहायक कर्मचारियों को ग्रीटिंग कार्ड देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पुरानी बाइक छोड़ नई बाइक लेकर फरार

**रेवाड़ी।** मस्तापुर में चोर एक बिजली कर्मचारी की नई बाइक लेकर पुरानी बाइक मौके पर छोड़ गए। रोहड़ाई थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बिजली कर्मचारी मोहित कुमार अन्य बिजलीकर्मियों के साथ मस्तापुर के 11 केवी फीडर की बिजली लाइन पर कार्य कर रहा था। उसकी बाइक मस्तापुर गांव के पास खड़ी थी। जब वह बाइक के पास आया तो उसकी अपाचे बाइक वहां नहीं मिली। उसकी बाइक के स्थान पर एक अन्य बाइक वहां खड़ी मिली। पूछताछ करने के बाद उस बाइक कोई वारिश नहीं मिला। चोर पुरानी बाइक की जगह नई बाइक लेकर फरार हो गए।

### बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविर आज

**कोसली।** जाटूसाना खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में 2 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कोसली के विधायक अनिल यादव आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान पंचायत, राजस्व, बिजली वितरण निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, समाज कल्याण अधिकारी, आदि मौजूद रहेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर एआईयूटीयूसी ने किया सभा का आयोजन

# कड़े संघर्ष से हासिल किए गए मजदूरों के अधिकारों को छीन रहे सभी देशः कॉमरेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी की ओर से शहर के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क में सभा का आयोजन किया गय।

सभा की अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी ने की। सभा में मुख्य वक्ता ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड सत्यवान थे। कॉमरेड सत्यवान ने एक मई 1886 में अमेरिका के शिकागों शहर में शहीद हुए मजदूरों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन मजदूरों के संघर्ष व बलिदान की बदौलत ही दुनिया भर में काम के आठ घंटे निर्धारित हुए थे। शिकागों आंदोलन के बाद ही दुनिया भर में मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को तेज किया और काफी जनवादी अधिकार हासिल किए। कॉमरेड ने कहा कि मजदूरों ने जिन अधिकारों को संघर्ष से हासिल किया था आज भारत सहित दुनिया के सभी देश उन अधिकारों को छीन रहे हैं। भारत सरकार ने 29 श्रम कानूनों को समाप्त करके पूंजीपतियों के हक में चार लेबर कोड लागू कर दिए, जिसके खिलाफ देशभर का मजदूर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने बताया कि इन चारों श्रम संहिताओं के खिलाफ आगामी 20 मई को 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हड़ताल की जा रही है। सभा में एआईयूटीयूसी के जिला उपाध्यक्ष हरिओम, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष अशोक कुम्भावास, सचिव भीम सिंह, प्रदीप जैतपुर, आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिला सचिव संतोष, सुनीता, मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन की जिला सचिव मुनेश देवी, बीना पाल्हावास, किसान नेता रामकुमार निमोठ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कृष्ण यादव, अंजूबाला, मुनेश भाड़ावास, हमीद, भतेरी, अनूप देवी, मीना, भारती, राजबाला, विजय सिंह व इन्द्रावती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** मजदूर दिवस पर नेताजी सुभाष पार्क में नारे लगाते कार्यकर्ता।

## भाविप ने आनंद रसोई प्रकल्प में श्रमिकों को करवाया भोजन

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से वीरवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर सेक्टर-5 में भूतपूर्व सचिव प्रवीण जांगिड़ की मां स्व. कृष्णा देवी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रमिकों को भोजन वितरण किया गया। शाखा संयोजक नितिन गोयल ने बताया कि श्रमिकों व राहगीरों को भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर प्रांतीय संयोजक पर्यावरण मुकेश सैनी ने कहा कि आनंद रसोई अन्नदान करके परिषद के सेवा दायित्वों का निर्वहन कर रही है। शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने कहा कि स्व. कृष्णा देवी का जीवन शिक्षा, समाज सेवा और परिवार प्रबंधन को समर्पित रहा। शाखा संरक्षक रमेश सचदेवा व शाखा सचिव राम किशोर सैनी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष प्रेम मेंहदीरत्ता, हुक्म चन्द प्रजापत, दयाराम आर्य, डा. दीपक सैनी, अजय गुप्ता, जगमोहन अग्रवाल, संजीव यादव, विनोद शर्मा, सरदार काश्मीर सिंह व कमल कुमार सहित काफी अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।


**रेवाड़ी।** जरूरतमंदों को भोजन वितरित करते परिषद के सदस्य।


**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

## समाधान शिविर में बीपीएल कार्ड कटवाने पहुंचा व्यक्ति

कोसली निवासी नरेश ने बताया कि सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में इस समय सुबह दस बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक किया जाता है कार्य बैंक मेन्यू के अनुसार समय शाम चार बजे तक होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

उपमंडल सचिवालय सभागार में वीरवार को डीएसपी विद्यानंद की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अनेक विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में गांव सुधराना निवासी रामचंद्र ने बताया कि वह अपना बीपीएल कार्ड कटवाना चाहता है, उसकी वार्षिक आय दो लाख रुपए से अधिक है। उसने आज तक बीपीएल परिवार को मिलने वाली कोई सुविधा नहीं ली है। डीएसपी ने क्रिड विभाग को उसका आवेदन भेज दिया है। कोसली निवासी नरेश कुमार ने बताया कि सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में इस समय सुबह दस बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक कार्य किया जाता है, जबकि बैंक मेन्यू के अनुसार समय शाम चार बजे तक होना चाहिए। डीएसपी ने एलडीएम को शिकायत भेजी है। डीएसपी ने बताया कि सोमवार व वीरवार को सुबह दस से बारह बजे तक समाधान शिविर लगाया जाता है। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल कुमार, एसडीएम कार्यालय के उप अधीक्षक राजेश कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ रोहित, सिंचाई विभाग के एसडीओ नंदकिशोर, कल्याण विभाग के लिपिक समुंद्र सिंह व दल सिंह आर्य मौजूद थे।

## यदुवंशी के छात्र-छात्राओं ने हिंदी लेखन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हिंदी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी लेखन क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, आतंकवाद, सामाजिक मुद्दे व साहित्यिक विषय पर लेखन किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य हिंदी भाषा को बढ़ावा देने व छात्रों को हिंदी साहित्य के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी प्राध्यापक सुनील पूनिया ने किया। विद्यालय डीन मुकेश यादव व प्राचार्य सुकेंद्र यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों की प्रशंसा की।

विद्यालय चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्रों को अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने व हिंदी भाषा के बढ़ते जागरूक करने में मदद मिलती है।


**रेवाड़ी।** प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## कुएं से मिला पांच साल से लापता युवक का कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

- टी शर्ट व आंख पर चोट के निशान से उसकी पहचान की

कोसली उपमंडल के टूमना गांव में बुधवार को एक खेत में स्थित कुएं से पांच साल पहले लापता हुए एक युवक का शव कंकाल की अवस्था में मिला है। खेत मालिक दिनेश ने खुले कुएं को मिट्टी से भर कर बोरिंग कराने की योजना बनाई थी, जिसके लिए एक श्रमिक भीतर फंसे पाइप को निकालने के लिए कुएं में उतरा था।

खुदाई करते समय मिट्टी के नीचे से एक मानव खोपड़ी निकलने से खुदाई करने वाला व्यक्ति घबरा गया तथा खोपड़ी को लेकर कुएं से बाहर आ गया। सूचना पर कोसली पुलिस मौके पर पहुंची तथा कंकाल को बाहर निकलवाया। कंकाल के साथ मृतक के वस्त्रों के साथ किसी पैट्रोल पंप के नाम की टी शर्ट भी मिली।

जानकारी के अनुसार पैट्रोल पंप पर पांच साल पहले लापता हुए युवक के पिता काम करते थे, जिसके बाद लापता युवक मनोज के पिता राजेंद्र को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने टी शर्ट व खोपड़ी की आंख पर चोट के निशान से उसकी पहचान की। युवक के लापता होने को लेकर कोसली थाने में 2019 में मामला दर्ज है, लेकिन कंकाल मिलने के बाद उसके पिता ने किसी पर कोई संदेह नहीं जताया। पुलिस ने सामान्य प्रक्रिया अपनाते हुए कंकाल का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## परिवारों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने में विद्यार्थी कर सकते बड़ा योगदान : निशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से वीरवार को जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में प्रेरणादायक कार्यक्रम स्वच्छ रेवाड़ी-स्वस्थ रेवाड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव व युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि स्वच्छता में ही लक्ष्मी निवास करती हैं।

कुछ लापरवाह लोग अपने घरों का कूड़ा नगर परिषद की गाड़ी में न डालकर यहां-वहां सड़कों पर डाल देते हैं। ऐसे में बीमारियां फैलने का डर ज्यादा रहता है। परिवारों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने में विद्यार्थी बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही हमारा नगर स्वच्छ भी बनेगा और स्वस्थ भी रहेगा। प्राचार्य सुरेश शर्मा ने बताया कि स्कूल में स्वच्छता के लिए कविता, नाटक व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। संस्था के संरक्षक अरुण गुप्ता व उपप्रधान प्रदीप शर्मा ने बच्चों को गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने के उपयोग टिप्स दिए। मंच संचालन खेल कोच अरुण शर्मा ने किया। प्रधान दिनेश कपूर ने विद्यार्थियों से व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न करके योग्य विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य भेंट किया। युवा दल की ओर से स्कूल को शहीद भगत सिंह, भारत माता, चंद्रशेखर आजाद व सुभाष चंद्र बोस के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में पंकज चक्रवर्ती, योगेश शर्मा, कमल अरोड़ा, मनीष जैन, सचिन गोयल, ईशा यादव, होशियार शर्मा, जितेंद्र, ममता यादव, दीपा शर्मा व सुनीता यादव मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में मौजूद आयोजक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी अस्पताल से इन्वर्टर चोरी का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** शहर के सरकारी अस्पताल से पुराना इन्वर्टर चोरी करने के आरोपी में सिटी पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने गोकल गेट पुलिस चौकी को दर्ज शिकायत में बताया कि नागरिक अस्पताल में पुराना सामान कंडम घोषित करने के लिए रखा हुआ था। 30 अप्रैल को तड़के करीब 3 बजे सिक्योरिटी गार्डों ने देखा कि हवासिंह सीवरमैन व महेंद्र स्वीपर पुराना इन्वर्टर चोरी करके ले जा रहे थे। गोकल गेट पुलिस चौकी ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने गोकलगढ़ निवासी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर बरामद किया गया है।



### मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारका ने किया नीतू का इलाज

## रेवाड़ी की नीतू ने दी कैंसर को मात, चिकित्सकों ने बढ़ाया हौसला

- स्कैल्प कैंसर की स्टेज-4 से जूझ रही थी नीतू यादव
- मरीज लक्षणों के बिगड़ने का इंतजार न करें और नियमित जांच करवाएं : डा. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी निवासी 29 वर्षीय नीतू यादव ने कैंसर की बीमारी को मात दी है। वे स्कैल्प कैंसर की स्टेज-4 से जूझ रही थी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारका ने नीतू का इलाज किया।

हॉस्पिटल के हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर और यूनिट हेड डा. शिल्पी शर्मा ने उनका इलाज किया। डा. शिल्पी ने बताया कि नीतू की खोपड़ी पर बार-बार उभरने वाला ट्यूमर था। चिकित्सकीय जांच में सिर की हड्डी पर एक कठोर सूजन और पूर्व की सर्जरी के निशान दिखाई दिए। एमआरआई स्कैन में पता चला कि ट्यूमर ने सिर की हड्डी को क्षति पहुंचाई है और इसे हेड एंड नेक कैंसर के रूप में निदान किया गया। ट्यूमर की एडवांस्ड स्टेज और इसकी मस्तिष्क की झिल्ली के करीब मौजूदगी को देखते हुए, एक मल्टी डिसिप्लिनरी टीम ने जटिल केस के लिए विस्तृत सर्जिकल योजना बनाई।

डा. शर्मा ने बताया कि नीतू पिछले दस महीनों से सिर पर सूजन की समस्या से जूझ रही थीं। हॉस्पिटल आने की उनकी विस्तृत जांच की गई, जिसमें सिर और गर्दन का कैंसर सामने आया। ट्यूमर ने हड्डी को क्षति पहुंचाई थी और यह ड्यूरा के काफी करीब था। ऑपरेशन के दौरान कैंसरग्रस्त टिशूज को सावधानीपूर्वक हटाया, प्रभावित खोपड़ी के हिस्से का पुनर्निर्माण किया और प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से त्वचा को पुनः ठीक किया गया। इसके बाद उन्हें एडजुवेंट रेडियोथेरेपी की सलाह दी गई और वर्तमान में नीतू सामान्य जीवन में लौट चुकी हैं और स्वस्थ हैं। डा. शिल्पी ने बताया कि हेड एंड नेक कैंसर अक्सर बिना लक्षणों के उभरता है, लेकिन समय रहते पहचान लेना इलाज में बड़ा फर्क ला सकता है। मरीज लक्षणों के बिगड़ने का इंतजार न करें और नियमित जांच कराएं।



**रेवाड़ी।** कैंसर की जानकारी देते हुए डा. शिल्पी शर्मा साथ में नीतू यादव।

## दो नलकूपों पर चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** लोधाना में दो भाइयों के ट्यूबवेल पर चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोप में कसोला पुलिस ने गांव के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

गत 26 अप्रैल को पुलिस शिकायत में लोधाना निवासी देवेंद्र ने बताया था कि 25 अप्रैल की रात चोर उसके ट्यूबवेल से मोटर का पाइप व पुराने मकान के 7 जंगले चोरी कर ले गए। पता चला कि चोर उसके भाई भीमसिंह के ट्यूबवेल से भी सबमर्सीबल पंप का रस्सा, 8 जंगले, 10 रोशनदान व एक बिजली का मीटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लोधाना निवासी प्रिंस, संदीप व इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। चोरी का सामान बरामद करने के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में आई ऊर्जा विभाग की दो सेवाएं

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार ने ऊर्जा विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इन सेवाओं की समय-सीमा निर्धारित की है।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार मुख्य बिजली निरीक्षक द्वारा नई लिफ्ट का पंजीकरण 30 दिन के अंदर, जबकि लिफ्ट का नवीनीकरण 15 दिन के अंदर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन दोनों सेवाओं के लिए कार्यकारी अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। शिकायत निवारण के लिए मुख्य बिजली निरीक्षक को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी, जबकि ऊर्जा विभाग के सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

**कार्यशाला** पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने छात्राओं को जानकारी दी

# डिजिटल कार्यशाला में छात्राओं को प्रोजेक्टर पर दी फैमिली आईडी की महत्ता के बारे में जानकारी

- फैमिली आईडी विद्यार्थियों के लिए करती है कई लाभ प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में वीरवार को शिक्षा विभाग की ओर से फैमिली आईडी की डिजिटल कार्यशाला आयोजित की गई। पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने छात्राओं को जानकारी दी।

कार्यक्रम का आयोजन एपीसी सुंदर सिंह की देखरेख व प्रिंसिपल धर्मवीर यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर डा. खोला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र का प्राथमिक उद्देश्य हरियाणा में सभी परिवारों का प्रामाणिक, सत्यापित और विश्वसनीय डेटा तैयार करना है। पीपीपी हरियाणा में प्रत्येक परिवार की पहचान करता है और परिवार की बुनियादी डेटा को डिजिटल प्रारूप में परिवार की सहमति से प्रदान करता है।

फैमिली डेटा के ऑटोमैटिक अपडेशन को सुनिश्चित करने के लिए फैमिली आईडी को बर्थ, डेथ और मैरिज रिकॉर्ड से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी विद्यार्थियों के लिए कई लाभ प्रदान करती है। यह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी करती है, खासकर शिक्षा से संबंधित योजनाओं में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए योग्य बनाने में मदद करती है। परिवार पहचान पत्र से आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना भी आसान हो जाता है। छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम फैमिली आईडी को खोलना, त्रुटियों को दूर करना, नाम काटना, नाम जोड़ना, जाती प्रमाण पत्र बनाना, रिहायशी प्रमाण पत्र बनाना, तथा दर्जनों योजनाओं का सीधा लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। एपीसी सुंदर सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा की छात्राएं मौजूद रही। जिले के सभी सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यशाला में पीपीपी, आधार कार्ड व अपार आईडी की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापकों का भी पीपीपी प्रशिक्षण कराया गया तथा सरकार की नई शिक्षा नीति, तबादला नीति तथा पदोन्नति प्रक्रिया का फीडबैक भी लिया।


**रेवाड़ी।** राजकीय कन्या विद्यालय में कार्यशाला में जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*